gradeup



# साप्ताहिक वन लाइनर्स

15-21 अक्टूबर 2020







# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

## 15-21 अक्टूबर 2020

**प्रिय पाठकों,**

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट तीसरे **सप्ताह** (15-21) अक्टूबर **2020** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

## बैंकिंग एवं वित्तीय जागरुकता

1. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) के सहयोग से किस वित्तीय कंपनी ने एक जीरो-टच डिजिटल कार्ड 'सैलरी कार्ड' लॉन्च किया________**अर्ली सैलरी।**

   **नोट:**
   - वेतन कार्ड क्रेडिट समाधान रुपे द्वारा संचालित है। यह वेतनभोगी पेशेवरों को त्वरित पहुंच प्रदान करता है और उन्हें भारत में सभी व्यापारिक स्थानों पर तत्काल खरीदारी करने की सुविधा मिलती है।
   - विवफी इंडिया फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (Vivifi) ने फ्लेक्सपे लॉन्च किया है, जो यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) पर क्रेडिट प्रदान करता है।

2. किस बैंक ने एक समग्र स्वास्थ्य समाधान "हेल्थी लाइफ प्रोग्राम" लॉन्च करने हेतु अपोलो हॉस्पिटल्स के साथ करार किया________**HDFC बैंक।**

   **नोट:**
   - यह कार्यक्रम HDFC बैंक के ग्राहकों के लिए शुरू किया जाएगा, ताकि ग्राहकों के लिए प्रक्रिया को सुविधाजनक और आसान बनाते हुए स्वस्थ जीवन को सुलभ बनाया जा सके।
   - ग्राहकों को चौबीस घंटे अपोलो के डिजिटल प्लेटफॉर्म, अपोलो 24|7 पर बिना किसी शुल्क के आपातकालीन अपोलो डॉक्टर की सुविधा मिलेगी।
   - इसमें अन्य लाभ भी प्रदान किए जाऐंगे जैसे कि भुगतान विकल्प का चयन और सभी अपोलो अस्पतालों में उपचार के लिए वित्त में आसानी।

3. नीति आयोग ने किस कंपनी के साथ एक फ्रंटियर टेक्नोलॉजी क्लाउड इनोवेशन सेंटर (CIC) की स्थापना की है, जो डिजिटल नवाचार के माध्यम से कृषि तथा स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने हेतु काम करेगा_______**अमेजन वेब सर्विसेज (AWS)**

   **नोट:**
   - नीति आयोग फ्रंटियर टेक्नोलॉजी क्लाउड इनोवेशन सेंटर भारत में पहला AWS CIC और पहला ऐसा केंद्र है जिसे राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया गया है।
   - इसके अन्य केंद्र ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, दक्षिण कोरिया और अमेरिका जैसे देशों में हैं, जिनमें से एक ब्रिटिश कोलंबिया यूनिवर्सिटी के साथ साझेदारी में भी है।

4. कौन सा बैंक ग्रामीण महाराष्ट्र में विद्युत आपूर्ति परियोजना के लिए 346 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण प्रदान करेगा_______**एशियाई विकास बैंक।**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**नोट:**

- कार्यक्रम का उद्देश्य महाराष्ट्र के ग्रामीण क्षेत्रों में HVDS को अपनाकर कृषि ग्राहकों को कुशल और विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति प्रदान करना है जो वितरण घाटे को कम करने में मदद करेगा, और कृषि उत्पादकता तथा किसान आय में सुधार करेगा।
- यह कार्यक्रम मार्च 2022 तक लागू किया जाएगा, तब तक लगभग 1.50,000 मीटर वाले HVDS कनेक्शन की उम्मीद है।

5. किस कमोडिटी एक्सचेंज ने रियल टाइम बेस मेटल्स इंडेक्स 'METLDEX' में वायदा कारोबार शुरू किया है________
**मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया (MCX)।**

**नोट:**

- बेस मेटल इंडेक्स MCX बेस मेटल वायदा कारोबार की टोकरी के वास्तविक समय के प्रदर्शन की निगरानी करेगा जिसमें जस्ता, तांबा, निकल, सीसा और एल्यूमीनियम शामिल हैं।
- सूचकांक कारोबार तत्काल पोर्टफोलियो परिवर्तन की सुविधा प्रदान करेगा और पोर्टफोलियो में निष्क्रिय, विषयगत तत्वों को प्रोत्साहित करेगा।
- सूचकांक शीघ्र ही भारतीय धातु उद्योग के लिए एक नए वास्तविक समय बैरोमीटर बन जाएगा।

6. किस कंपनी ने चंद्रमा पर 4G नेटवर्क स्थापित करने के लिए 14.1 मिलियन डॉलर का नासा का अनुबंध जीता________
**नोकिया।**

**नोट:**

- यह अनुदान नासा के "टिपिंग पॉइंट" चयनों के तहत हस्ताक्षर किए गए 370 मिलियन डॉलर के अनुबंध का भाग है, जिसका उद्देश्य अंतरिक्ष अन्वेषण हेतु अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देना है।
- यह प्रणाली अधिक दूरी पर चंद्रमा की सतह पर संचार में सहायता प्रदान कर सकती है, नेटवर्क स्पीड बढ़ा सकती है और वर्तमान मानकों की तुलना में अधिक विश्वसनीयता प्रदान कर सकती है।

7. टाटा मोटर्स ने अपने यात्री वाहनों के वित्तपोषण हेतु किस बैंक के साथ साझेदारी की है________ **HDFC बैंक।**

**नोट:**

- साझेदारी के माध्यम से, इसने अपने उत्पादों को अधिक सुलभ बनाने और त्योहारों के मौसम में बिक्री को बढ़ाने की दृष्टि से दो नई योजनाओं 'ग्रेजुअल स्टेप अप स्कीम' और 'TML फ्लेक्सी ड्राइव स्कीम' शुरू की है।
- 'ग्रेजुअल स्टेप अप स्कीम' के तहत, ग्राहक उत्पाद और उसके वैरिएंट के आधार पर न्यूनतम 799 रुपये प्रति लाख मासिक के रूप में EMI विकल्प का लाभ उठा सकते हैं।

8. विभिन्न क्रेडिट कार्ड जारीकर्ताओं के साथ साझेदारी में कौन सी ई-वॉलेट कंपनी अगले 12-18 महीनों में भारत में उपभोक्ताओं के लिए 2 मिलियन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पेश करेगी________**पेटीएम।**

**नोट:**

- कंपनी ने आवेदन की डिजिटल प्रक्रिया शुरू करने और ग्राहकों को अपने नए क्रेडिट कार्ड जारी होने की प्रक्रिया का पता लगाने में सहायता हेतु पेटीएम ऐप पर संपूर्ण क्रेडिट कार्ड अनुभव को डिजिटल बना दिया था।
- उपयोगकर्ता ऐप पर दस्तावेज एकत्र करने के लिए एक उपयुक्त समय चुन सकते हैं।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- पेटीएम ने यह भी घोषणा की है कि वह नए 'नेक्स्ट जनरेशन क्रेडिट कार्ड' का निर्माण कर रहा है, जिसमें विभिन्न वन-टच सेवाएं जैसे सुरक्षा पिन नंबर बदलना, एड्रेस अपडेट करना, धोखाधड़ी निवारण के लिए कार्ड ब्लॉक करना, डुप्लीकेट कार्ड जारी करना और बकाया क्रेडिट सीमा देखना शामिल होंगी।

**9.** कौन सी फिनटेक कंपनी 2021 में व्यक्तियों द्वारा बांड में निवेश करने की सुविधा हेतु ब्लॉकचेन-प्लेटफॉर्म लॉन्च करेगी________**बांड इवैल्यू।**

**नोट:**

- हाल ही में, बांड इवैल्यू को सिंगापुर मौद्रिक प्राधिकरण (MAS) से ग्लोबल रिकग्नाइज़्ड मार्केट ऑपरेटर (RMO) के रूप में मंजूरी मिली है।
- RMO दुनिया में पहले ब्लॉकचैन-आधारित बांड एक्सचेंज बॉन्डब्लॉक्स बॉन्ड एक्सचेंज (BBX) को विश्व स्तर पर निश्चित आय वाली प्रतिभूतियों की एक विस्तृत श्रृंखला का कारोबार करने की अनुमति देता है।

**10.** ग्लोबललिंकर के साथ मिलकर BSE ने किस राज्य सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के साथ इक्विटी फंडों को बढ़ाने में राज्य के MSME की सहायता हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं_______**तेलंगाना।**

**नोट:**

- यह साझेदारी वित्त के सीमित वैकल्पिक स्रोतों के कारण MSME की चुनौतियों पर ध्यान देगी जो ऋण पूंजी पर उनकी निर्भरता को बढ़ाता है जिसके फलस्वरूप विकृत पूंजी संरचनाएं और नियंत्रित नकदी प्रवाह होता है।
- इस समझौता ज्ञापन के तहत, BSE वित्त पहुंच की चुनौतियों का समाधान करने और विश्वसनीयता बढ़ाने में MSME की सहायता करेगा।

**11.** किस बैंक और मास्टरकार्ड ने स्वीडिश फर्नीचर कंपनी पर खरीदारी को किफायती, सुविधाजनक और रिवार्डिंग बनाने के लिए "IKEA फैमिली क्रेडिट कार्ड' की शुरुआत की घोषणा की_______**सिटी बैंक इंडिया।**

**नोट:**

- कार्ड IKEA पर तत्काल इन-स्टोर बुकिंग, भारत QR के माध्यम से प्रत्यक्ष भुगतान, त्वरित रिवॉर्ड प्वाइंट तथा आकर्षक EMI प्रदान करता है और तत्काल रिवॉर्ड प्रतिदान के साथ सभी खरीद पर रिवॉर्ड प्वाइंट भी प्रदान करेगा।
- कार्ड IKEA परिवार के सदस्यों के लिए बिना किसी शुल्क और शून्य वार्षिक शुल्क पर उपलब्ध है और इसका उपयोग IKEA के ऑनलाइन और ऑफलाइन स्टोर पर या दुनिया में कहीं भी जहां क्रेडिट कार्ड स्वीकार्य है, खरीद के लिए किया जा सकता है।

**12.** किस बैंक ने आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं______ **इंडियन बैंक।**

**नोट:**

- इंडियन बैंक ने प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से देश भर के सभी स्ट्रीट वेंडर-लाभार्थियों को ब्याज अनुदान और नकद प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने के लिए एक एकीकृत ऑनलाइन प्रणाली विकसित की है।

**13.** किस स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अशोकनगर को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के साथ बैंक प्रत्याभूति कार्यक्रम के तहत साझेदारी की है ________**जन स्मॉल फाइनेंस बैंक।**

**नोट:**

- इसके साथ, जन स्मॉल फाइनेंस बैंक प्रत्याभूति कार्यक्रम के तहत आने वाला पहला SFB बन गया है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- अशोकनगर को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, जन स्मॉल फाइनेंस बैंक के सहयोग से अपने ग्राहकों के लिए ATM, POS और ई-कॉमर्स सेवाओं का विस्तार कर सकता है।
- यह साझेदारी सहकारी बैंकों के लिए संपूर्ण सेवाओं को प्रोत्साहित करने हेतु जन बैंक के प्रयासों को दर्शाती है।

**14.** फोनपे ने किस बीमा कंपनी के साथ मिलकर अपने प्लेटफॉर्म पर कार और बाइक बीमा उत्पादों को लॉन्च किया _________ **बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस।**

**नोट:**

- इस लॉन्च के साथ, 230 मिलियन से अधिक पंजीकृत फोनपे उपयोगकर्ता अब खरीद से पहले किसी भी दस्तावेज को अपलोड करने की आवश्यकता के बिना अपने वाहनों का बीमा 2 मिनट से कम समय में करा सकते हैं और अपने पॉलिसी दस्तावेज तत्काल ऐप पर देख सकते हैं।
- फोनपे उपयोगकर्ता शून्य अवमूल्यन, 24X7 रोडसाइड असिस्टेंस और इंजन सुरक्षा जैसी कई मूल्य वर्धित सेवाओं के साथ अपनी जरूरतों के आधार पर अपने कार बीमा प्लान को अपने अनुसार अनुकूलित कर सकते हैं।

**15.** किस बैंक ने एक अरब लोगों के टीकाकरण में सहायता के उद्देश्य से विकासशील देशों की कोरोनावायरस वैक्सीन खरीदने तथा वितरित करने, टेस्ट, और उपचार में सहायता हेतु वित्तपोषण के लिए 12 बिलियन डॉलर की मंजूरी दी है_________**विश्व बैंक।**

**नोट:**

- 12 बिलियन डॉलर की सहायता विकासशील देशों को कोविड-19 महामारी से लड़ने में सहायता के लिए 160 बिलियन डॉलर तक के व्यापक वर्ल्ड बैंक ग्रुप पैकेज का हिस्सा है।

## श्रद्धांजलियां

**1.** प्रख्यात कवि और 55वें ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता अक्कितम अच्युतन नंबूतिरि का हाल ही में निधन हो गया, वह किस भाषा के कवि थे________**मलयालम।**

**नोट:**

- अक्कितम ने 1973 में साहित्य अकादमी पुरस्कार भी जीता।
- वह 1950 के दशक में मशहूर हुए, जब उसकी रचना एक खंडकाव्य इरुपथम नूतंदिनते इतिहासम, जो मलयालम साहित्य की पहली आधुनिकतावादी कविताओं में से एक है, ने लोकप्रियता हासिल की।
- इसने 1952 में संजयन पुरस्कार भी जीता।

**2.** अनुभवी टेस्ट क्रिकेटर जॉन रीड का हाल ही में निधन हो गया, उन्होंने किस देश के लिए मैच खेले________ **न्यूजीलैंड।**

**नोट:**

- रीड, जिन्हें पचास और साठ के दशक में अपने खेल के दौरान दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है, ने न्यूजीलैंड टीम की 34 टेस्ट मैचों में कप्तानी की, जिनमें देश की पहली तीन जीत सबसे प्रमुख हैं।
- एक बेहतरीन दाएं हाथ के बल्लेबाज और एक तेज गेंदबाज, रीड ने 1949 में 19 वर्ष की आयु में पदार्पण के बाद 58 टेस्ट खेले, 33.28 के औसत से 3428 रन बनाए और 33.35 के औसत से 85 विकेट लिए।

**3.** प्रसिद्ध महिला शोभा नायडू का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थीं_______ **शास्त्रीय नृत्यांगना।**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**नोट:**

- उनकी प्रमुख उपलब्धियों में नृत्य नाटक विप्र नारायण, कल्याण श्रीनिवासम और कई अन्य की कोरियोग्राफी और प्रस्तुति शामिल है, जिसमें वह मुख्य नायिका थीं और उन्होंने सत्यभामा, देवदेवकी, पद्मावती, मोहिनी, साईं बाबा, और देवी पार्वती जैसी विभिन्न भूमिकाएं निभाईं, जिसने उन्हें बहुत प्रशंसा दिलाई।
- उनके द्वारा जीते गए कुछ प्रसिद्ध पुरस्कारों में 2001 में पद्म श्री, 1991 में संगीत नाटक अकादमी शामिल हैं।

**4.** प्रसिद्ध महिला भानु अथैया का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थी__________ **कॉस्ट्यूम डिजाइनर।**

**नोट:**

- उन्होंने रिचर्ड एटनबरो द्वारा निर्देशित वर्ष 1982 की फिल्म गांधी में अपने काम के लिए सर्वश्रेष्ठ कॉस्ट्यूम डिज़ाइन का ऑस्कर जीता।
- वर्ष 2012 में, अथैया ने अपना ऑस्कर एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज को सुरक्षा के लिए वापस कर दिया।
- भानु अथैया ने 100 से अधिक बॉलीवुड फिल्मों के लिए भी कॉस्ट्यूम तैयार की थी।

**5.** प्रसिद्ध व्यक्तित्व किशोर भिमानी का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे _________ **पत्रकार।**

**नोट:**

- वह अस्सी और नब्बे के दशक में एक प्रमुख क्रिकेट कमेंटेटर थे और उन्हें चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 1986 के ड्रॉ हुए टेस्ट मैच के दौरान कमेंट्री के लिए याद किया जाता है।
- उन्हें 2013 में मीडिया और कमेंट्री के क्षेत्र में उनके दशकों के योगदान के लिए आजीवन उपलब्धि पुरस्कार प्रदान किया गया।

**6.** महान गायिका कौमुदी मुंशी का कोविड-19 के कारण निधन हो गया, उन्हें किस राज्य की 'नाइटिंगेल' के रूप में भी जाना जाता है_______**गुजरात।**

**नोट:**

- अपने करियर के प्रारंभिक चरण के दौरान, मुंशी ने अधिकतर गुजराती में गाने गाए और 'साची रे मां री सातरे भवानी मां' जैसे गीतों से ख्याति प्राप्त की।
- गायिका ने भोजपुरी गाने भी गाए, 1963 की फिल्म बिदेसिया के लिए उन्होंने प्रसिद्ध गायिका गीता दत्त के साथ 'नीक सैंया बिन' गाया।

## महत्वपूर्ण दिवस

**1.** विश्व विद्यार्थी दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है ________**15 अक्टूबर।**

**नोट:**

- इस वर्ष पूर्व राष्ट्रपति और 'मिसाइल मैन' डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की 89वीं जयंती है।
- वर्ष 2010 में संयुक्त राष्ट्र ने विद्यार्थियों के प्रति कलाम के प्रेम के कारण 15 अक्टूबर को "विश्व विद्यार्थी दिवस" घोषित किया। वह स्वयं एक समर्पित शिक्षक थे और उन्होंने स्वयं को किसी अन्य भूमिका से पहले उस भूमिका में पहचाना।

**2.** ग्लोबल हैंडवाशिंग डे प्रतिवर्ष मनाया जाता है________ **15 अक्टूबर।**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**नोट:**

- इस वर्ष का विषय, "हैंड हाइजीन फॉर ऑल" दुनिया भर में, विशेष रूप से सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों और स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों में साबुन और पानी उपलब्ध कराने के बारे में जागरूकता फैलाने का प्रयास करता है।

**3.** अंतर्राष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस प्रतिवर्ष विश्व स्तर पर मनाया जाता है ______**15 अक्टूबर।**

**नोट:**

- भारत में, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय कृषि क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ाने के लिए वर्ष 2016 के बाद से इस दिवस को राष्ट्रीय महिला किसान दिवस के रूप में मनाता है।
- इस अंतर्राष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस का विषय "कोविड-19 के परिणामस्वरूप ग्रामीण महिलाओं में लचीलापन बढ़ाना' है ताकि समाज में इन महिलाओं के संघर्षों, उनकी जरूरतों और उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता उत्पन्न की जा सके।

**4.** राष्ट्रीय महिला किसान दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है ________**15 अक्टूबर।**

**नोट:**

- कृषि में महिलाओं के योगदान को सम्मानित करने के लिए देश भर के ICAR संस्थानों और कृषि विज्ञान केंद्रों में महिला किसान दिवस मनाया गया
- ICAR-CIFRI द्वारा देश में दूसरी नीली क्रांति लाने के लिए मत्स्य क्षेत्र के साथ कृषि क्षेत्र की महिलाओं को सशक्त बनाने और लाभान्वित करने की आशा के साथ दिवस मनाया गया।

**5.** विश्व खाद्य दिवस प्रतिवर्ष किस तारीख को मनाया जाता है ___________**16 अक्टूबर।**

**नोट:**

- यह दिवस उन लोगों के लिए विश्व स्तर पर जागरूकता फैलाता है जो भूख से बुरी तरह प्रभावित हैं और सभी के लिए खाद्य सुरक्षा एवं पौष्टिक आहार की आवश्यकता को सुनिश्चित करता है।
- विषय 2020: “Grow, Nourish, Sustain. Together”

**6.** विश्व सांख्यिकी दिवस प्रतिवर्ष किस तारीख को मनाया जाता है__________**20 अक्टूबर।**

**नोट:**

- विश्व सांख्यिकी दिवस 2020 का आयोजन एक वैश्विक सहयोगपूर्ण प्रयास है, यह संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाता है।
- विश्व सांख्यिकी दिवस 2020 का विषय “Connecting the world with data we can trust.”
- यह विषय राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणालियों में विश्वास, आधिकारिक डेटा, नवाचार और सार्वजनिक हित के महत्व को दर्शाता है।

**7.** विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस प्रतिवर्ष किस तारीख को मनाया जाता है______**20 अक्टूबर।**

**नोट:**

- WOD का आयोजन इंटरनेशनल ऑस्टियोपोरोसिस फाउंडेशन (IOF) द्वारा एक विशेष विषय के साथ वार्षिक अभियान की शुरुआत के जरिए किया गया।
- वर्ष 2020 में वैश्विक WOD अभियान का विषय “THAT'S OSTEOPOROSIS” है, जो दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में ऑस्टियोपोरोसिस के साथ जीवन जीने वाले लोगों के भावनात्मक प्रभावपूर्ण दृश्यों और कहानियों को दर्शाता है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**8.** इंटरनेशनल शेफ डे प्रतिवर्ष मनाया जाता है_____**20 अक्टूबर।**

**नोट:**

- पेशे को सम्मान देने और स्वस्थ भोजन के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए प्रतिवर्ष 20 अक्टूबर को इंटरनेशनल शेफ डे मनाया जाता है।
- इंटरनेशनल शेफ डे 2020 का विषय 'भविष्य के लिए स्वस्थ भोजन' है।

## नई नियुक्तियां

**1.** भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्व कार्यकारी निदेशक उमा शंकर को किस बैंक का अतिरिक्त निदेशक (गैर-कार्यकारी, स्वतंत्र) नियुक्त किया गया है_________**कर्नाटक बैंक।**

**नोट:**

- वह भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्व कार्यकारी निदेशक हैं।
- वह 37 वर्षों से विभिन्न पदों पर RBI के साथ थीं।
- उसकी मुख्य कार्यनिर्वाह क्षमता वित्तीय क्षेत्र की निगरानी में है लेकिन वह मुद्रा प्रबंधन, विदेशी विनिमय और आंतरिक लेखा और प्रशासन के लिए भी उत्तरदायी हैं।

**2.** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (DDCA) का अध्यक्ष किसे चुना गया _________ **रोहन जेटली।**

**नोट:**

- वह इस पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार थे, क्योंकि उनके खिलाफ नामांकन करने वाले इकलौते उम्मीदवार ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी।
- 31 वर्षीय वकील 30 जून, 2021 तक इस पद पर बने रहेंगे। विशेषकर, स्वर्गीय अरुण जेटली ने 1999 से 2013 के बीच DDCA के अध्यक्ष के रूप में काम किया था।

**3.** जेसिंडा अर्डर्न को लगातार दूसरे तीन वर्षीय कार्यकाल के लिए किस देश की प्रधान मंत्री चुना गया है________**न्यूजीलैंड।**

**नोट:**

- कोविड के खिलाफ लड़ाई में, अर्डर्न एक स्पष्ट उन्मूलन रणनीति का अनुसरण करने वाले अपने पश्चिमी साथियों के बीच अकेली थीं और कठोरतम राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन लगाया।
- अर्डर्न की सेंटर-लेफ्ट लेबर पार्टी ने 120 सदस्यीय संसद में कुल 83.7% मतों में से 49.2% मत जीते।

**4.** 2020-21 अवधि के लिए इंडियन बैंक एसोसिएशन (IBA) का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया________ **राजकिरण राय जी।**

**नोट:**

- भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा को एसोसिएशन का उपाध्यक्ष चुना गया।
- IBA भारत में बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र में बैंकों और अन्य संस्थाओं का एक संघ है जो अपने सदस्यों की आवश्यकताओं का ध्यान रखता है।
- IBA की प्रबंध समिति की बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

5. व्यापारी भुगतान नेटवर्क भारतपे के मुख्य परिचालन अधिकारी (COO) के रूप में किसे नियुक्त किया गया________**ध्रुव बहल।**

**नोट:**

- व्यापारी भुगतान नेटवर्क भारतपे ने ध्रुव बहल को तत्काल प्रभाव से अपने मुख्य परिचालन अधिकारी (COO) के रूप में पदोन्नत किया है।
- अपनी नई भूमिका में, बहल ग्राहक सहायता, QR, स्वाइप और कार्ड के परिनियोजन, KYC, ऋण वितरण और लीड जनरेशन के परिचालन प्रमुख होंगे।

6. ग्डिनिया में आयोजित होने वाली वर्ल्ड एथलेटिक्स हॉफ मैराथन चैंपियनशिप का एंबेसडर किसे नामित किया गया है______**कॉन्स्टेंटीना डीटा।**

**नोट:**

- डीटा ने वर्ल्ड हाफ मैराथन चैंपियनशिप के आठ संस्करणों में प्रतिस्पर्धा की और इस प्रक्रिया में सात पदक अर्जित किए और इस प्रतिस्पर्धा के इतिहास में सबसे सफल एथलीट रहीं।
- वर्ष 2005 में एडमोंटन में व्यक्तिगत और टीम स्वर्ण पदक दिलाने वाली उनकी दोहरी जीत उनके करियर के मुख्य आकर्षण में से एक है।

7. एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया का अध्यक्ष किसे चुना गया _____ **सीमा मुस्तफा।**

**नोट:**

- मुस्तफा ने द प्रिंट के एडिटर-इन-चीफ शेखर गुप्ता की जगह ली, जबकि कपूर और नाथ क्रमश: बिजनेस स्टैंडर्ड के संपादकीय निदेशक ए.के. भट्टाचार्य और Rediff.com की सहायक संपादक शीला भट्ट की जगह लेंगे।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने स्ट्रेंथनिंग टीचिंग-लर्निंग एंड रिजल्ट फॉर स्टेट्स (STARS) परियोजना को मंजूरी दी, यह किस संगठन द्वारा आंशिक रूप से वित्तपोषित है ________**विश्व बैंक।**

**नोट:**

- इस परियोजना की कुल लागत 5,718 करोड़ रुपये होगी, जिसमें विश्व बैंक की सहायता राशि लगभग 3,700 करोड़ रुपये (500 मिलियन डॉलर) होगी।
- परियोजना का एक प्रमुख घटक राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र के रूप में PARAKH (Performance Assessment, Review, and Analysis of Knowledge for Holistic Development) की स्थापना है।

2. किस संगठन की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संगठन के साथ भारत के दीर्घकालिक संबंधों के उपलक्ष्य में 75 रुपये मूल्यवर्ग का स्मारक सिक्का जारी किया______ **FAO।**

**नोट:**

- प्रधान मंत्री ने हाल ही में विकसित आठ फसलों के 17 बायोफोर्टिफाइड वर्टिकल राष्ट्र को समर्पित किए।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- यह कार्यक्रम सरकार द्वारा कृषि और पोषण को दी गई सर्वोच्च प्राथमिकता दर्शाता है, और यह भूख, कुपोषण और कुपोषण को पूरी तरह से समाप्त करने के संकल्प का एक प्रमाण है।

3. भारत ने कृषि, शहरी, औद्योगिक और पर्यावरणीय उद्देश्यों के लिए जल सुरक्षा को प्राप्त करने के लिए सतह और भूजल प्रशिक्षण, शिक्षा और अनुसंधान में सहयोग को बढ़ावा देने हेतु किस देश के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं_______ **ऑस्ट्रेलिया।**

**नोट:**

- कृषि, शहरी, औद्योगिक और पर्यावरणीय उद्देश्यों के लिए जल सुरक्षा को प्राप्त करने के लिए सतह और भूजल प्रशिक्षण, शिक्षा और अनुसंधान में सहयोग को बढ़ावा देने हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

4. किसकी अध्यक्षता में केंद्र सरकार ने दूरसंचार स्पेक्ट्रम आवंटन प्रक्रिया को सरल बनाने और स्पेक्ट्रम की नीलामी को एक वार्षिक कार्यक्रम बनाने की संभावना का परीक्षण करने के लिए सचिवों की समिति गठित की है _________ **राजीव गौबा।**

**नोट:**

- समिति में गृह, रक्षा, रेलवे, दूरसंचार, सूचना एवं प्रसारण (I&B) और अंतरिक्ष विभाग के सचिव शामिल हैं।
- समिति के गठन के बारे में निर्णय दूरसंचार क्षेत्र की स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए एक स्पष्ट दिशानिर्देश की आवश्यकता को देखते हुए लिया गया, जिससे उन्हें योजना बनाने और संसाधनों को कुशलतापूर्वक आवंटित करने में सक्षम बनाया जा सके।

5. प्रोफेशनल इंजीनियर्स बिल तैयार करने के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) द्वारा गठित समिति के अध्यक्ष__________**एम.एस. अनंत।**

**नोट:**

- समिति की अध्यक्षता भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (IIT-M) के पूर्व निदेशक एम.एस. अनंत करेंगे।
- के. सोमप्रसाद, सांसद ने इंजीनियरों के पेशेवर आचरण की निगरानी और आकलन के लिए इंजीनियरिंग के क्षेत्र में एक पेशेवर नियामक तंत्र की मांग की।

6. केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) ने अधिकारियों का एक संघ बनाने हेतु किस IIT और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जो उनकी परिचालन चुनौतियों के लिए प्रौद्योगिकी समाधान खोजने का काम करेगा_______ **IIT दिल्ली।**

**नोट:**

- लगभग 3.25 लाख सैनिकों वाले पुलिस बल में लगभग 500 अधिकारी और सहायक अधिकारी हैं जो इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में पेशेवर डिग्री धारक हैं।
- यह समझौता ज्ञापन इन अधिकारियों को इन संस्थानों में अल्पकालिक विशेष कोर्स शुरू करने और अनुसंधान कार्यों को आगे बढ़ाने में सक्षम बनाएगा।

7. वेल्टहंगरलाइफ और कंसर्न वर्ल्डवाइड द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किए गए "ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2020" में भारत की रैंक___________**94वीं।**

**नोट:**

- रिपोर्ट के अनुसार, 107 देशों के बीच भारत 94वें स्थान पर है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- रिपोर्ट के अनुसार भारत में पांच वर्ष से कम आयु के कमजोर बच्चे पूरे दुनिया में सर्वाधिक है, जो तीव्र कुपोषण को दर्शाता है।

**8.** राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) द्वारा हाल ही में शुरू की गई आयुष्मान सहकार योजना के तहत ऋण के रूप में कितनी राशि प्रदान की जाएगी _________**10,000 करोड़ रुपये।**

**नोट:**

- यह योजना सहकारी समितियों को देश में स्वास्थ्य देखभाल अवसंरचना निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में मदद करेगी।
- यह योजना राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा तैयार की गई थी। NCDC योजना के तहत सहकारी समितियों को 10,000 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान करेगी।
- इसमें स्वास्थ्य क्षेत्र में परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वित्तीय सहायता और कार्यशील पूंजी शामिल है।

**9.** नई दिल्ली में वेसल ट्रैफिक सर्विसेज (VTS) और वेसल्स ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम (VTMS) के लिए स्वदेशी सॉफ्टवेयर समाधान के विकास का शुभारंभ किसने किया__________ **मनसुख मंडाविया।**

**नोट:**

- स्वदेशी सॉफ्टवेयर की शुरूआत प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत मिशन के अनुरूप है।
- स्वदेशी VTS और VTMS सॉफ्टवेयर नौपरिवहन पोतों की स्थिति, अन्य यातायात और अन्य यातायात एवं मौसम संबंधी खतरनाक चेतावनियों की स्थिति और एक बंदरगाह या जलमार्ग के भीतर यातायात प्रबंधन की स्थिति को निर्धारित करने में मदद करेंगे।

**10.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) ने भारतीय प्रतिभूति बाजार में डेटा डेमोक्रेटाइजेशन के माध्यम से डेटा कल्चर स्थापित करने के लिए किसकी अध्यक्षता में एक मार्केट डेटा एडवाइजरी कमेटी (MDAC) का गठन किया है___________**माधबी पुरी बुच।**

**नोट:**

- समिति की अध्यक्षता सेबी की पूर्णकालिक सदस्य माधबी पुरी बुच करेंगी और इसमें स्टॉक एक्सचेंज और डिपॉजिटरी के CEO, विभिन्न हितधारकों के प्रतिनिधि और सेबी के वरिष्ठ अधिकारी सदस्य हैं।
- समिति प्रतिभूति बाजार डेटा तक पहुंच हेतु उपयुक्त नीति की सिफारिश करेगी, खंडवार डेटा पैरीमीटर, डेटा आवश्यकता और अंतर की पहचान करेगी, डेटा गोपनीयता और बाजार डेटा पर लागू डेटा एक्सेस नियमों की सिफारिश करेगी।

**11.** अमेरिका स्थित हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट और ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज द्वारा जारी स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर 2020 रिपोर्ट के अनुसार, किस देश ने वर्ष 2019 में दुनिया में सर्वाधिक वार्षिक औसत पीएम 2.5 दर्ज किया________**भारत।**

**नोट:**

- उच्च पीएम 2.5 प्रदर्शन में भारत के बाद नेपाल, नाइजर, कतर और नाइजीरिया का स्थान था।
- इसका अर्थ है कि भारत में लोग विश्व स्तर पर सर्वाधिक पीएम 2.5 सांद्रता के संपर्क में हैं।
- भारत 2010 के बाद से पीएम 2.5 प्रदूषण में वृद्धि दर्ज कर रहा है, जो केंद्र के देश में वार्षिक वायु प्रदूषण के स्तर में कमी के दावों के विपरीत है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**12.** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री हर्षवर्धन द्वारा कौन सा ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया गया है, जो CSIR द्वारा शुरू किए गए पुनरुद्देशित दवाओं और उनके परीक्षण के वर्तमान चरण के बारे में जानकारी प्रदान करता है_______ **CuRED।**

**नोट:**

- काउंसिल फॉर साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च (CSIR) महामारी की शुरुआत से ही कोविड-19 के संभावित उपचार हेतु होस्ट-डायरेक्टेड थेरेपी के साथ एंटीवायरल के कई संयुक्त नैदानिक परीक्षणों की खोज कर रहा है।
- CSIR पुनरुद्देशित दवाओं के बारे में जानकारी के अलावा, वेबसाइट - CuRED - वैज्ञानिक संस्था के निदान और उपकरणों के नैदानिक परीक्षणों के बारे में भी जानकारी प्रदान करता है।

**13.** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार सरकार का उद्देश्य भारत को कब तक ट्रांस फैट मुक्त बनाना है________ **2022 तक।**

**नोट:**

- FSSAI द्वारा आयोजित विश्व खाद्य दिवस पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए, डॉ हर्षवर्धन ने कहा, कोविड महामारी के चलते दुनिया के सामने आने वाली अभूतपूर्व चुनौतियों के कारण खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य, प्रतिरक्षा और संधारणीयता पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित किया गया है।
- उन्होंने कहा, इस वर्ष खाद्य आपूर्ति श्रृंखला से ट्रांस फैट के उन्मूलन पर ध्यान केंद्रित है।

**14.** पूर्व राष्ट्रपति और वैज्ञानिक स्वर्गीय डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की 89वीं जयंती पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक ने कौन सा अभियान शुरू किया है_________**KAPILA।**

**नोट:**

- इस अभियान के तहत, उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अपने आविष्कार को पेटेंट कराने के लिए आवेदन प्रक्रिया की सही प्रणाली के बारे में जानकारी मिलेगी और वे अपने अधिकारों के बारे में जागरूक होंगे।
- 15 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक के सप्ताह को 'बौद्धिक संपदा साक्षरता सप्ताह' के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है।

**15.** भारत किस देश को किलो श्रेणी की पनडुब्बी INS सिंधुवीर सौंपेगा ________ **म्यांमार।**

**नोट:**

- INS सिंधुवीर दक्षिण पूर्व एशियाई देश म्यांमार की पहली पनडुब्बी होगी और यह कदम समग्र भारतीय दृष्टिकोण के अनुरूप है जो सभी समुद्री भागीदारों को सुरक्षा प्रदान करने की आकांक्षा रखता है।
- यह शीत युद्ध के दौरान सोवियत संघ द्वारा निर्मित डीजल-इलेक्ट्रिक अटैक सबमरीन श्रेणी के अंतर्गत आती है।

**16.** भारत में किस विश्वविद्यालय ने एक वर्ष में सर्वाधिक पेटेंट भरने के लिए एकमात्र संस्था के रूप में पहला स्थान हासिल किया _______**चंडीगढ़ विश्वविद्यालय।**

**नोट:**

- वर्ष 2018-19 के लिए वार्षिक रैंकिंग हाल ही में ऑफिस ऑफ कंट्रोलर जनरल ऑफ पेटेंट्स, डिजाइन्स एंड ट्रेडमार्क, भारत सरकार द्वारा जारी की गई, जिसमें शैक्षणिक संस्थान और बहुराष्ट्रीय कंपनियां शामिल हैं।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

## महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. किस राज्य सरकार ने राज्य में एक ग्रीनफील्ड जिंक स्मेल्टर स्थापित करने के लिए वेदांता ग्रुप की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (HZL) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है________**गुजरात।**

   **नोट:**

   - इस केंद्र में चरणों में 5000- 10,000 करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता होगी, जिससे 5,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार उत्पन्न होंगे और यह 2022 तक परिचालित हो जाएगा।
   - प्रस्तावित 300 (किलो टन वार्षिक) उत्पादन क्षमता वाली परियोजना इस जनजातीय क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को रोजगार के बड़े अवसर प्रदान करेगी।

2. किस राज्य की पुलिस ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों के बारे में उनके बीच जागरूकता फैलाने के लिए अभियान 'AAWAJ' (Action Against Women-related crime and Awareness for Justice) चलाया _______**राजस्थान।**

   **नोट:**

   - 'AAWAJ' (Action Against Women-related crime and Awareness for Justice) अभियान पुलिस की सिविल राइट्स और एंटी-ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा चलाया गया था और यह लैंगिक समानता लाने एवं महिलाओं के खिलाफ अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पूरे राज्य में चलेगा।
   - अभियान के पहले महीने में 13 अक्टूबर से 12 नवंबर तक, महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनों के बारे में जागरूकता फैलाने के अलावा, बलात्कार की घटनाओं को रोकने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।

3. किस राज्य सरकार ने राज्य के सभी शहरी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण नल द्वारा पेयजल की चौबीस घंटे आपूर्ति प्रदान करने के लिए "सुजल", "ड्रिंक फ्रॉम टैप मिशन" योजना शुरू की है________**ओडिशा।**

   **नोट:**

   - राज्य ने मार्च 2022 तक राज्य के सभी शहरी क्षेत्रों में पानी के पाइप कनेक्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है।
   - ओडिशा सरकार ने इस योजना के लिए 1300 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं जिससे 15 शहरों में 15 लाख से अधिक लोग चरणबद्ध तरीके से लाभान्वित होंगे।

4. किस राज्य सरकार ने इंडियन रग्बी फुटबॉल यूनियन (IRFU) के साथ वर्ष 2023 तक भारत की राष्ट्रीय रग्बी टीमों को प्रायोजित करने और खिलाड़ियों के उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण और अनुबंधन की सुविधा के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए_______**ओडिशा।**

   **नोट:**

   - ओडिशा सरकार ने इंडियन रग्बी फुटबॉल यूनियन (IRFU) के साथ वर्ष 2023 तक भारत की राष्ट्रीय रग्बी टीमों को प्रायोजित करने और खिलाड़ियों के उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण और अनुबंधन की सुविधा के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते पर हस्ताक्षर ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित कलिंग स्टेडियम में किए गए थे।
   - समझौता ज्ञापन पर खेल एवं युवा सेवा विभाग, ओडिशा के निदेशक आर. विनील कृष्णा और IRFU के प्रेसीडेंट मानेक उनवाला द्वारा हस्ताक्षर किए गए।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

5. किस राज्य में 180 दिवसीय 'सेफ सिटी प्रॉजेक्ट' शुरू किया गया, जिसके तहत पुलिस एवं अन्य विभाग महिलाओं की सुरक्षा के लिए काम करेंगे______**उत्तर प्रदेश।**

**नोट:**

- एक 180-दिवसीय अभियान 'सेफ सिटी प्रॉजेक्ट' के तहत पुलिस और अन्य विभाग महिलाओं की सुरक्षा के लिए काम करेंगे।
- केंद्र सरकार ने सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से लखनऊ के लिए कुल 194 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी है।

6. आसन कंजर्वेशन रिजर्व भारत का 38वां रामसर स्थल बना, यह किस राज्य में स्थित है______**उत्तराखंड।**

**नोट:**

- रिजर्व हिमालय राज्य के गढ़वाल क्षेत्र में देहरादून जिले के पास यमुना नदी के तट पर स्थित है।
- रामसर ने आसन कंजर्वेशन रिजर्व को अंतर्राष्ट्रीय महत्व का स्थान घोषित किया है।
- इसके साथ, भारत में रामसर स्थलों की संख्या 38 हो गई है, जो दक्षिण एशिया में सर्वाधिक है।

7. भारतीय पर्यटक आंकड़े 2020 के अनुसार किस राज्य ने वर्ष 2019 में सर्वाधिक घरेलू पर्यटक आकर्षित किए हैं________**उत्तर प्रदेश।**

**नोट:**

- भारतीय पर्यटक आंकड़े 2020 के अनुसार, वर्ष 2019 में 53,58,55,162 घरेलू पर्यटकों ने राज्य का दौरा किया।
- विदेशी पर्यटकों के आगमन के मामले में राज्य को तीसरा स्थान मिला। उसी वर्ष उप्र में 47,45,181 विदेशी पर्यटकों ने दौरा किया।

8. केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग और MSME मंत्री नितिन गडकरी ने किस राज्य में भारत के पहले मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक पार्क (MMLP) की नींव रखी _____**असम।**

**नोट:**

- यह पार्क भारत सरकार की भारतमाला परियोजना के तहत विकसित किया जाएगा।
- इसे राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम (NHIDCL) द्वारा बनाया जा रहा है, जो सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) के स्वामित्व में है।

9. किस राज्य सरकार ने एक वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर विद्युत उपभोक्ता सेवा पोर्टल "मो बिद्युत" और मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया______ **ओडिशा।**

**नोट:**

- पोर्टल ऊर्जा विभाग द्वारा विकसित किया गया था और ओडिशा सरकार की एक पहल 5T (टीम वर्क, ट्रांसपेरेंसी, टेक्नोलॉजी, टीम लीडिंग, ट्रांसफॉर्मेशन) तंत्र के तहत जनता को समर्पित है।
- 'मो बिद्युत' द्वारा प्रदान की जाने वाली विद्युत सेवाओं को "मो सरकार" (मेरी सरकार) के तहत नियंत्रित किया जाएगा।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

1. सोरोनबाई जेनेबकोव ने किस देश के राष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया ________**किर्गिस्तान।**

**नोट:**

- किर्गिस्तान के राष्ट्रपति, सोरोनबाई जेनेबकोव ने पद से हटाने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों से 10 दिनों के विरोध प्रदर्शन के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।
- 4 अक्टूबर 2020 को, उन्हें संसदीय चुनाव में पुन: राष्ट्रपति चुना गया था, जिससे पूरे देश में राजनीतिक उथल-पुथल मच गई।

2. किन दो एशियाई देशों को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में फिर से चुना गया है ________**पाकिस्तान और नेपाल।**

**नोट:**

- पाकिस्तान और नेपाल को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में पुन: निर्वाचित किया गया है, जबकि चीन ने बहुत कम अंतर से एक सीट जीती, जो उसकी प्रतिष्ठा में भारी गिरावट दर्शाता है।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2006 में मानव अधिकारों से संबंधित प्रमुख संयुक्त राष्ट्र संस्था के रूप में स्थापित, मानवाधिकार परिषद में 47 निर्वाचित सदस्य हैं।

3. किन दो देशों को दो वर्ष की अवधि के लिए अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) के प्रेसीडेंट और को-प्रेसीडेंट के रूप में चुना गया है _____**भारत और फ्रांस।**

**नोट:**

- ISA के चार क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने के लिए चार नए वाइस-प्रेसीडेंट भी चुने गए हैं।
- एशिया प्रशांत क्षेत्र के लिए फिजी और नाउरू के प्रतिनिधि; अफ्रीका क्षेत्र के लिए मॉरीशस और नाइजर; यूरोप तथा अन्य क्षेत्र के लिए यूके और नीदरलैंड, और लैटिन अमेरिका एवं कैरिबियन क्षेत्र के लिए क्यूबा और गुयाना ने वाइस-प्रेसीडेंट का पद ग्रहण किया।

4. वर्ष 2020 के लिए सिडनी स्थित लोवी इंस्टीट्यूट के एशिया पॉवर इंडेक्स के अनुसार एशिया-प्रशांत क्षेत्र को प्रभावित करने वाला सबसे शक्तिशाली राष्ट्र _______ **अमेरिका।**

**नोट:**

- चीन एशिया-प्रशांत को प्रभावित करने वाले सबसे शक्तिशाली देश के रूप में अमेरिका के काफी नजदीक है, क्योंकि कोविड -19 महामारी का सामना करने में अमेरिका की प्रतिष्ठा धूमिल हुई है।
- जबकि अमेरिका ने क्षेत्र की शीर्ष महाशक्ति के रूप में अपना स्थान कायम रखा है, 26 देशों और क्षेत्रों को रैंक प्रदान करने वाले सिडनी स्थित लोवी इंस्टीट्यूट के एशिया पॉवर इंडेक्स, 2020 के अनुसार दो वर्ष पूर्व चीन पर इसकी 10 अंकों की बढ़त आधी हो गई है।

5. जापान ने "फ्री एंड ओपन इंडो-पैसिफिक" सुनिश्चित करने के लिए किस देश के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं______**वियतनाम।**

**नोट:**

- हाल ही में, टोक्यो में आयोजित QUAD ग्रुपिंग ने "फ्री एंड ओपन इंडो-पैसिफिक" के महत्व की पुन: पुष्टि की और क्षेत्र में बढ़ते चीनी प्रभाव पर चिंता जताई।
- जापान और वियतनाम के बीच समझौते से क्षेत्र में QUAD फैसले बढ़ेंगे। अमेरिका ने आसियान देशों को QUAD ग्रुपिंग में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

6. किस देश का जनवरी 2021 से भारत में पहला अलग 'वाटर अटैच' होगा जो भारत के जल प्रबंधन और कृषि क्षेत्रों में प्रगति के लिए अपनी सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों तथा प्रौद्योगिकियों को साझा करेगा______**इजराइल।**

**नोट:**

- विशेष रूप से, कोविड के बाद भारत में पानी सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है।
- इसके अलावा, इजराइल उत्तर-पूर्व क्षेत्र में अपनी उपस्थिति और सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से उत्तर-पूर्व में ऑनरी कौंसल भी नियुक्त करेगा।
- ये घोषणाएं भारत में इजराइल के राजदूत रॉन माल्का ने की थीं।

7. नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनाइजेशन किस देश में एक नए स्पेस सेंटर की स्थापना करेगा ________**जर्मनी।**

**नोट:**

- नया सेंटर उपग्रहों के लिए संभावित खतरों के बारे में जानकारी एकत्र करेगा।
- सेंटर को निकट भविष्य में रक्षा साधनों के कमांड सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा।
- नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनाइजेशन के अनुच्छेद 5 के आधार पर सेंटर की स्थापना की जा रही है।

8. भारत ने नियर ईस्ट में फिलीस्तीन शरणार्थियों के लिए यूनाइटेड नेशन्स रिलीफ एंड वर्क एजेंसी (UNRWA) में लगभग कितनी राशि का योगदान किया है______**एक मिलियन डॉलर।**

**नोट:**

- भारत ने नियर ईस्ट में फिलीस्तीन शरणार्थियों के लिए यूनाइटेड नेशन्स रिलीफ एंड वर्क एजेंसी (UNRWA) में लगभग एक मिलियन डॉलर राशि का योगदान किया है।
- यह सहायता शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, राहत और सामाजिक सेवाओं सहित एजेंसी के कार्यक्रमों और सेवाओं का समर्थन करेगी।

## सम्मान एवं पुरस्कार

1. केरल फिल्म अवार्ड 2020 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार किसने जीता_______**कानी कुसरुति।**

**नोट:**

- कुसरुति ने 'बिरयानी' में अपने प्रदर्शन के लिए हाल ही में संपन्न 42वें मास्को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता था।
- लिजो जोस पेलिसेरी, जिन्होंने 'जल्लीकट्टू' का निर्देशन किया था, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीता, जबकि रहमान ब्रदर्स द्वारा निर्देशित 'वसंथी' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार दिया गया।
- 'वसंथी' ने एक कैरेक्टर रोल में सर्वश्रेष्ठ महिला अभिनेत्री का पुरस्कार भी जीता।

2. किस बैंक ने 2020 सेंट्रल बैंक ऑफ द ईयर अवार्ड जीता _______**बैंक ऑफ घाना।**

**नोट:**

- इसके अलावा, यूनाइटेड किंगडम के सेंट्रल बैंक 'बैंक ऑफ इंग्लैंड' के गवर्नर, अर्थशास्त्री मार्क जोसेफ कार्नी ने सेंट्रल बैंक ऑफ द ईयर अवार्ड में 2020 के गवर्नर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता।
- सेंट्रल बैंकिंग समुदाय में उत्कृष्टता को सम्मानित करने के लिए प्रतिवर्ष केंद्रीय बैंकिंग पुरस्कार आयोजित किए जाते हैं। यह पुरस्कार का 7वां संस्करण था और समारोह वर्चुअली आयोजित किया गया।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**3.** वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ऑफ द ईयर अवार्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला ________ **ऐश्वर्या श्रीधर।**

**नोट:**

- उनकी तस्वीर दुनिया भर के 80 से अधिक देशों की 50,000 प्रविष्टियों के बीच विजेता रही। केवल 100 तस्वीरों को शॉर्टलिस्ट किया गया था और उसने बिहेवियर इनवर्टब्रेट्स श्रेणी में अपनी तस्वीर के लिए पुरस्कार जीता।
- श्रीधर की तस्वीर 'लाइट्स ऑफ पैशन' को राष्ट्रीय इतिहास संग्रहालय द्वारा आयोजित अवार्ड शो में प्रतिष्ठित खिताब मिला।

**4.** अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन द्वारा एशिया प्रशांत क्षेत्र में पहली बार घोषित विश्वेश्वरैया ISA सोलर अवॉर्ड किस देश ने जीता___________ **जापान।**

**नोट:**

- एशिया प्रशांत क्षेत्र के लिए जापान और यूरोप तथा अन्य क्षेत्रों के लिए नीदरलैंड को पुरस्कार दिया गया।
- जापान और नीदरलैंड देशों के प्रतिनिधियों को दिए गए पुरस्कारों का नाम भारत रत्न एम. विश्वेश्वरैया के नाम पर पर रखा गया। विजेताओं को 12,330 डॉलर की इनाम राशि मिली।

## खेल समाचार

**1.** डेनमार्क ओपन 2020 बैडमिंटन चैंपियनशिप में महिला एकल खिताब किसने जीता_________**नोजोमी ओकुहारा।**

**नोट:**

- बैडमिंटन में, जापान के पूर्व वर्ल्ड चैंपियन नोजोमी ओकुहारा ने महिला एकल में तीन बार की वर्ल्ड चैंपियन कैरोलिना मारिन को हराकर डेनमार्क ओपन 2020 खिताब जीता।
- पुरुष एकल के फाइनल में, दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन ने अपने हमवतन रैसमस गेम्के को हराया।

**2.** तेज गेंदबाज उमर गुल ने नेशनल T20 कप की समाप्ति के बाद क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, वह किस देश के लिए खेलते हैं ________**पाकिस्तान।**

**नोट:**

- गुल पाकिस्तान के साथ T20 क्रिकेट में अपनी सफलता के लिए सर्वाधिक प्रसिद्ध हैं और वह 2007 तथा 2009 के विश्व T20 टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले शीर्ष गेंदबाज थे।
- 47 टेस्ट मैचों में, गुल ने 34.06 की औसत से 163 विकेट लिए। उन्होंने 130 एकदिवसीय मैचों में 179 विकेट भी लिए, इसके अलावा 60 T20I में 85 विकेट भी लिए।

**3.** सेंट पीटर्सबर्ग ओपन टेनिस टूर्नामेंट 2020 में पुरुषों का एकल खिताब किसने जीता_________**आंद्रेई रूबलेव।**

**नोट:**

- आंद्रेई रूबलेव सेंट पीटर्सबर्ग ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में बोर्ना कॉरिक को 7-6 (5), 6-4 से हराकर महामारी प्रभावित 2020 सीजन में चार टूर में एकल खिताब जीतकर नोवाक जोकोविच के साथ शामिल हो गए।
- 22 वर्षीय रूबलेव ने दोहा, एडिलेड और हैम्बर्ग में जीती ट्राफियों में रूस में जीता यह खिताब जोड़ा।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

## पुस्तकें एवं लेखक

1. "द बैटल ऑफ बिलॉन्गिंग" पुस्तक किसने लिखी जो नवंबर 2020 में लॉन्च होगी__________ **शशि थरूर।**

**नोट:**

- पुस्तक राष्ट्रवाद, देशभक्ति, नागरिकता, संबद्धता और वास्तव में इनका क्या अर्थ है, के बारे में है।
- थरूर ने कई पुस्तकें लिखी हैं, जिनमें से अधिकतर आगामी पुस्तक की तरह कथेतर साहित्य और उपन्यास हैं।
- हाल ही में प्रकाशित उनकी पुस्तक 'थरूरोसॉरस' एक शब्दावली पुस्तक है जो सितंबर 2020 में विमोचित हुई।

2. “ऑन द ट्रेल ऑफ बुद्धा: ए जर्नी टू द ईस्ट” पुस्तक किसने लिखी ________ **दीपांकर अरोन।**

**नोट:**

- ‘ऑन द ट्रेल ऑफ बुद्धा- ए जर्नी टू द ईस्ट’ आध्यात्मिक, दार्शनिक, और सांस्कृतिक संबंधों की खोज में एक अनूठा पड़ाव है जो भारत को पूर्वी एशियाई सभ्यताओं से बांधता है।
- एशिया के घुमंतू भिक्षुओं से लेकर उनके परिदर्शन के मंदिरों और मठों तक; गुफाओं में मूर्तियों एवं भित्ति चित्रों से लेकर संग्रहालयों की मूर्तियों एवं भित्ति चित्रों तक; लोगों की विविध जातीयताओं से लेकर उनके सामान्य देवी-देवताओं तक - यह पुस्तक चीन के साथ-साथ मंगोलिया, कोरिया और जापान की परंपराओं, कला और वास्तुकला में खूबसूरती से संरक्षित ‘प्राचीन भारत’ की खोज करती है।

3. "पोर्ट्रेट्स ऑफ पावर: हाफ ए सेंचुरी ऑफ बीइंग ऑन रिंगसाइड" पुस्तक किस भारतीय अर्थशास्त्री की आत्मकथा है_________**नंद किशोर सिंह।**

**नोट:**

- पुस्तक में एन.के. सिंह के जीवन को दर्शाया गया है जिन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में सक्रिय भूमिका निभाई।
- वह वर्तमान में 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष के रूप में सेवारत हैं।
- यह पुस्तक राज्यसभा के सदस्य के रूप में राजनीति में प्रवेश करने से पहले वर्ष 1964 से भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) में शामिल होने से भारत सरकार के उच्च पदों पर कार्य करने तक एन.के. सिंह के स्टेंट को दर्शाती है।

4. “मिस्टर प्राइम मिनिस्टर, वी श्रैंक द ड्रैगन” पुस्तक के लेखक ________ **प्रदीप गोर्हा।**

**नोट:**

- पुस्तक भारत की उत्तरी सीमाओं पर वर्तमान में घटित होती कहानियों के साथ-साथ पीओके, गिलगित-बाल्टिस्तान पर निरंतर उपेक्षित पाकिस्तान के अवैध कब्जे और इनको इस उपयुक्त समय पर कैसे हल किया जा सकता है, के इर्द-गिर्द घूमती है।

## विज्ञान एवं रक्षा

1. आतंक-रोधी अभ्यास "सुरक्षा कवच" भारतीय सेना के साथ किस राज्य के पुलिस संगठन द्वारा आयोजित किया गया था________**महाराष्ट्र।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- अभ्यास का उद्देश्य पुणे में किसी भी आतंकवादी गतिविधि का मुकाबला करने के लिए आतंकवाद विरोधी क्विक रिएक्शन टीमों (QRT) को सक्रिय करने हेतु सेना और पुलिस दोनों के अभ्यासों और प्रक्रियाओं में सामंजस्य स्थापित करना था।
- इस अभ्यास में सेना की क्विक रिएक्शन टीमें, डॉग स्क्वॉड और बम डिस्पोजल टीमों के साथ-साथ एंटी टेररिज्म स्क्वाड (ATS) और महाराष्ट्र पुलिस की क्विक रिएक्शन टीम की भागीदारी शामिल थी।

2. द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास SLINEX-20 का आठवां संस्करण भारत और किस देश के बीच आयोजित किया गया था_______**श्रीलंका।**

**नोट:**

- यह नॉन-कॉन्टेक्ट एट सी प्रारूप में आयोजित किया गया था।
- यह रणनीति कोविड-19 महामारी के कारण अपनाई गई है।
- अभ्यास में उच्च स्तर की पारस्परिकता हेतु एंटी-एयर वैपन्स फायरिंग, क्रॉस डेक फ्लाइंग ऑपरेशंस को शामिल किया गया है।

3. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने ब्रह्मोस मिसाइल के नौसेना संस्करण का कहां से परीक्षण किया________**INS चेन्नई।**

**नोट:**

- इस मिसाइल का परीक्षण स्वदेश निर्मित स्टेल्थ डिस्ट्रॉयर INS चेन्नई से किया गया था। मिसाइल ने अरब सागर में लक्ष्य को निशाना बनाया।
- ब्रह्मोस एक सुपरसोनिक मिसाइल है। यह भारत और रूस द्वारा संयुक्त रूप से विकसित की गई थी।
- मिसाइलों की प्रमुख श्रेणियां क्रूज मिसाइल और बैलिस्टिक मिसाइल हैं।

4. भारत ने हाल ही में स्वदेशी रूप से विकसित किस परमाणु क्षमता वाली मिसाइल का रात्रि में परीक्षण किया _______**पृथ्वी II।**

**नोट:**

- यह परीक्षण सफल रहा। यह परीक्षण ओडिशा के बालासोर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज में किया गया था।
- पृथ्वी II सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है। पृथ्वी II का पहला परीक्षण सितंबर 2020 में किया गया था।

5. नवंबर 2020 में आयोजित होने वाले मालाबार अभ्यास में कौन सा देश भागीदार होगा________**ऑस्ट्रेलिया।**

**नोट:**

- इसका अर्थ है कि सभी चार क्वाड देश अभ्यास में भाग लेंगे।
- अभ्यास में भाग लेने वाले अन्य देश जापान, भारत और अमेरिका हैं।
- समुद्री सुरक्षा क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की प्रक्रिया में, भारत ने ऑस्ट्रेलिया से अभ्यास में भाग लेने को कहा था। अभ्यास "नॉन-कॉन्टेक्ट एट सी" प्रारूप में आयोजित किया जाएगा।

6. भारत ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा विकसित किस एंटी टैंक मिसाइल का सफल परीक्षण किया_______ **SANT।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- यह भारतीय वायु सेना के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा विकसित की गई थी। इस मिसाइल का परीक्षण चांदीपुर परीक्षण रेंज में किया गया था।
- मिसाइल में लॉक-ऑन बिफोर लॉन्च और लॉक-ऑन आफ्टर लॉन्च दोनों क्षमताएं हैं।
- SANT मिसाइल नाग मिसाइल का एक वैरिएंट है। नाग मिसाइल के अन्य वैरिएंट हेलिना (या ध्रुवास्त्र) और MP-ATGM हैं। SANT, HELINA का उन्नत संस्करण है।

**--------------0--------------**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

gradeup

# Gradeup Green Card

## Features:

- 700 + Full-length Mocks
- 35+ Bank & Insurance Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

www.gradeup.co